(25 b)



चलाये जाने का आश्वासन चाहा है । इस संबंध में यह निर्णय लिया गया कि वन विभाग से सम्पर्क करके समस्या का समाधान किया जाय तथा रोप-वे प्रोजेक्ट को प्राधिकरण अपने द्वारा अथवा अपने सुपरवीजन में चलाए । अन्य प्रकरणों पर चल रही कार्यवाही को जारी रखने के निर्देश के साथ पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि सर्वसम्मति से की गयी ।

मद संख्या :- 2

विषय :- वर्ष 1990-91 के आय-व्ययक [बजट] पर विचार ।

प्राधिकरण के समक्ष वर्ष 1989-90 के वास्तविक आय-व्यय तथा वर्ष 1990-91 के प्रस्तावित आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया । प्रस्ताव पर विचारोपरांत सर्वसम्मति से प्रस्तावित बजट पर स्वीकृति प्रदान की गयी । प्रस्तुत बजट का विवरण परिशिष्ट-1 पर संलग्न है ।

बजट चर्चा के दौरान अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि प्राधिकरण के कार्यकलापों में वृद्धि की जाए । तदनुसार प्राधिकरण की आय एंव व्यय सीमाओं में भी बढ़ोत्तरी होनी चाहिए । हडको आदि संस्थाओं से ऋण प्राप्त करके योजनाओं को चलाए जाने तथा शासन से ऋण/अनुदान प्राप्त करने के निर्देश दिए गए ।

प्राधिकरण के विस्तृत क्षेत्र एंव वाहन की कमी को ध्यान में रखते हुए एक मारूति जिप्सी क्रय करने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से अनुमोदित किया गया । ; अप्रैल, 1990 से 19 अप्रैल, 1990 के बीच बजट स्वीकृति के अभाव में प्राधिकरण द्वारा जो व्यय किए गए है उनका भी प्राधिकरण द्वारा अनुमोदन किया गया ।

मद संख्या :- 3

विषय :- शासकीय ईमारतों पर विकास शुल्क लिए जाने के संबंध में विचार ।

प्राधिकरण के समक्ष यह प्रस्ताव रखा गया था कि शासकीय नियमों में शासकीय ईमारतों पर कोई विकास शुल्क लिए जाने अथवा न लिए जाने का कोई प्राविधान नहीं है, परन्तु व्यवहारिक रूप से शासकीय विभाग न तो मानचित्र स्वीकृत कराते हैं और न ही विकास शुल्क की अदायगी करते हैं । ऐसी स्थिति में केवल शासकीय इमारतों पर विकास शुल्क न लिए जाने तथा प्रत्येक शासकीय विभाग द्वारा प्राधिकरण के

..........3

Scanned by CamScanner

(260)

# हरिद्वार विकास प्राधिकरण, हरिद्वार ।

## प्रस्तावित बजट वर्ष - 1990-91

हरिद्वार विकास प्राधिकरण की स्थापना मई, 1986 में हुई थी । विगत वर्ष 1989-90 का बजट प्राधिकरण की बैठक दिनांक 19-6-89 मे प्रस्ताव संख्या-द्वारा पारित किया गया था । वर्ष 1989-90 मे शासन से कोई अनुदान अथवा ऋण प्राप्त नही हुआ है ।

### वर्ष 1990-91 के प्रस्तावित बजट पर संक्षिप्त टिप्पणी :-

1- राजस्व आय :-

वित्तीय वर्ष 1989-90 मे रूपये- 29.35 लाख की आय प्रस्तावित थी, इसके विरुद्ध रूपये- 43.46 लाख की आय हुई । इस प्रकार राजस्व आय अनुमानित आय से रूपये- 14.11 लाख अधिक हुई ।

वित्तीय वर्ष 1990-91 में राजस्व आय की मद मे रूपये 48.30 लाख की आय प्रस्तावित की गई है । जिसका विवरण संलग्न है ।

2- राजस्व व्यय :-

वित्तीय वर्ष 1989-90 मे इस मद मे रूपये 27.83 लाख का व्यय प्रस्तावित था । इसके विपरित रूपये 18.39 लाख व्यय हुआ है । इस प्रकार प्रस्तावित व्यय के विरुद्ध वास्तविक व्यय रूपये 9.44 लाख कम है ।

3- पूँजीगत आय :-

इस मद मे वर्ष 1989-90 मे रूपये-238.50 लाख की आय प्रस्तावित थी, इसके विरुद्ध रूपये 35.99 लाख की आय हुई । अनुमान से आय कम होने का कारण शासन से प्रस्तावित अनुदान तथा ऋण प्राप्त नही होना तथा आवासीय योजना हेतु भूमि अधिग्रह न हो पाना रहा ।

वित्तीय वर्ष 1990-91 के लिये इस मद में रूपये 329.50 लाख की आय प्रस्तावि की गई है । इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सराय रोड, की भूमि अधिग्रहण की कार्यवाह जो अन्तिम चरण मे है, पर आवासीय योजना [illegible] को पूर्ण करके लक्ष्य को प्राप्त किया जाएगा ।

4- पूँजीगत व्यय :-

वर्ष 1989-90 मे इस मद में रूपये-213.75 लाख के व्यय का प्रस्ताव किया गया इसके विरुद्ध रूपये- 58.28 लाख का व्यय किया गया है । आवासीय एवं व्यवसायिक यो नाओं से प्रस्तावित आय न होने के कारण व्यय में कमी रही । वर्ष 1990-91 हेतु इस

में रुपये 316.75 लाख व्यय प्रस्तावित है । प्राधिकरण का क्षेत्र काफी विस्तृत है । वाहन की कमी के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है । अतः कार्य को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु एक मारूति जिप्सी क्रय करने का भी प्रस्ताव है ।

वित्तीय वर्ष 1990-91 का बजट एक दृष्टि में संलग्न करते हुए प्राधिकरण के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है ।

---

Scanned by CamScanner

मी -1990-91 का बजट :-

(क) आय

| क्र०सं० | आय के शीर्षक | वर्ष 88-89की वास्तविक (लाख रू०में) | वर्ष 89-90 कीअनुमानित (लाख रू०में) | 31-3-90तक वास्तविक (लाख रू०में) | वर्ष 1990-91 का प्रस्तावित (लाख रू० में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | राजस्व आय :- | | | | |
| (1) | स्टाम्प शुल्क | -- | 12.00 | 13.14 | 15.00 |
| (2) | विनियोगों से आय | 2.17 | 2.50 | 4.58 | 4.75 |
| (3) | भवन नियन्त्रण विभाग की मदों से आय :- | | | | |
| (क) | मानचित्र शुल्क | 1.30 | 1.50 | 1.08 | 1.10 |
| (ख) | समाधान शुल्क (कम्पाउन्डिंग फीस) | 2.23 | 2.00 | 4.14 | 4.50 |
| (ग) | लाईसेंस फीस | 0.11 | 0.10 | 0.15 | 0.15 |
| (घ) | न्यायालयों से प्राप्त अर्थदण्ड | --- | 0.10 | --- | 0.10 |
| (4) | प्रपत्रों की बिक्री | 0.07 | 0.10 | 0.16 | 0.50 |
| (5) | विकास शुल्क | 12.10 | 10.00 | 18.49 | 20.00 |
| (6) | भूमि उपयोगपरिवर्तन शुल्क | --- | 0.20 | --- | 0.10 |
| (7) | पृयवेक्षण शुल्क | 0.34 | 0.75 | 1.71 | 2.00 |
| (8) | विविध प्राप्तियाँ | 0.03 | 0.10 | 0.01 | 0.10 |
| | राजस्व आय का योग:- | 18.35 | 29.35 | 43.46 | 48.30 |

Scanned by CamScanner

वर्ष 1990-91 का बजट :-

(क) व्यय

| क्र०सं० | व्यय के शीर्षक | वर्ष 88-89 का वास्तविक (लाख रू० में) | वर्ष 89-90 अनुमानित (लाख रू० में) | 31-3-90 तक वास्तविक (लाख रू० में) | वर्ष 90-91 का प्रस्तावित (लाख रू० में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | राजस्व व्यय | | | | |
| 1. | अधिष्ठान के वेतन एवं भत्ते | | | | |
| | (1) अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन एवं भत्ते | 5.78 | 10.00 | 7.40 | 12.00 |
| | (2) अवकाश नकदीकरण | 0.12 | 0.25 | 0.16 | 0.35 |
| | (3) सामूहिक बीमा योजना | 0.09 | 0.15 | 0.10 | 0.15 |
| | (4) बोनस | 0.16 | 0.30 | 0.29 | 0.35 |
| | (5) यात्रा भत्ता | 0.41 | 0.80 | 0.36 | 0.50 |
| | (6) चिकित्सा भत्ता | 0.03 | 0.10 | 0.13 | 0.10 |
| | (7) दैनिक वेतन | 0.31 | 0.50 | 0.41 | 0.75 |
| 2. | वाहनो पर व्यय | | | | |
| | (1) वाहन मरम्मत एवं अनुरक्षण | 0.22 | 0.40 | 0.40 | 0.40 |
| | (2) पैट्रोल/डीजल | 0.57 | 0.90 | 0.49 | 0.75 |
| 3. | कार्यालय व्यय | | | | |
| | (1) डाक टिकट | 0.04 | 0.06 | 0.04 | 0.06 |
| | (2) स्टेशनरी | 0.18 | 0.30 | 0.19 | 0.30 |
| | (3) कार्यालय भवन अनुरक्षण | 0.02 | 0.25 | 0.13 | 0.15 |
| | (4) टेलीफोन | 0.02 | 0.10 | 0.05 | 0.10 |
| | (5) पुस्तकें व समाचार पत्र क्रय | 0.02 | 0.05 | 0.03 | 0.05 |
| | (6) कानूनी व्यय | 0.01 | 0.10 | 0.02 | 0.10 |
| | (7) सत्कार व्यय | 0.03 | 0.15 | 0.10 | 0.50 |
| | (8) छपाई व्यय | 0.08 | 0.25 | 0.16 | 0.25 |
| | (9) विज्ञापन एवं प्रचार व्यय | 0.09 | 0.25 | 0.51 | 0.60 |
| | (10) आडिट फीस | — | 0.50 | 0.14 | 0.25 |
| | (11) बिजली उपकरण | 0.05 | 0.10 | — | — |
| | (12) विविध व्यय | 0.19 | 1.00 | 0.29 | 0.50 |
| | (13) अस्थाई अग्रिम | 0.25 | 0.10 | 0.27 | 0.10 |
| | (14) उपकरण व्यय/अनुरक्षण | 0.05 | 0.10 | 0.01 | 0.05 |
| | (15) स्थाई अग्रिम | 0.01 | 0.02 | 0.01 | 0.02 |
| | (16) विद्युत व्यय व अनुरक्षण | 0.13 | 0.10 | 0.05 | 0.10 |
| 4. | अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए अग्रिम | | | | |
| | (1) वाहन हेतु अग्रिम | — | — | — | 0.05 |
| | (2) भवन निर्माण अग्रिम | — | — | — | — |
| 5. | आधारिक पूँजी पर ब्याज का भुगतान | 4.48 | 5.50 | 5.12 | 5.20 |
| 6. | महायोजना सर्वेक्षण पर व्यय | 0.31 | 5.50 | 0.06 | 1.65 |
| 7. | विकास कार्यों पर व्यय | — | — | 1.47 | 20.00 |
| | राजस्व व्यय का योग :- | 13.65 | 27.83 | 18.39 | 45.38 |

...1990-91 का बजट :-

(क) आय -

| क्र0 | आय के शीर्षक | वर्ष 1988-89 की वास्तविक (लाख रू0 में) | वर्ष 1989-90 की अनुमानित (लाख रू0 में) | 31-3-90 तक वास्तविक (लाख रू0 में) | वर्ष 90-91 का प्रस्तावित (लाख रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2. | पूँजीगत आय | | | | |
| (1) | आधारिक पूँजी (शासन से ऋणों के रूप में) | 5.64 | --- | --- | 10.00 |
| (2) | पर्वतीय विकास विभाग से प्राप्त आधारिक पूँजी | --- | 15.00 | --- | 15.00 |
| (3) | स्थापना अनुदान | --- | 1.00 | --- | 1.00 |
| (4) | शिवलोक आवासीय योजना | | | | |
| | भूखण्डों/भवनों का पंजीकरण बिक्री आदि | 18.19 | 7.50 | 8.57 | 1.00 |
| | शिवलोक आवासीय योजना भाग- द्वितीय | | | | |
| | भवनों/भूखण्डों/दुकानों का पंजीकरण, बिक्री आदि | --- | --- | 1.40 | 50.00 |
| (6) | ऋषिलोक आवासीय योजना | | | | |
| | भवनों का पंजीकरण बिक्री आदि | 10.33 | 50.00 | 26.02 | 7.50 |
| (7) | सराय रोड आवासीय योजना | | | | |
| | भवनों/भूखण्डों का पंजीकरण बिक्री आदि | --- | --- | --- | 100.00 |
| (8) | भावी योजनाओं से आय | --- | --- | --- | 10.00 |
| (9) | केन्द्रीय गंगा प्राधिकरण की योजनाएं | | | | |
| | सुलभ शौचालयों हेतु अनुदान | --- | --- | --- | --- |
| (10) | सड़क निर्माण हेतु शासन से अनुदान | --- | 10.00 | --- | 10.00 |
| (11) | स्टेडियम का निर्माण (शासन से अनुदान) | --- | 20.00 | --- | --- |
| (12) | कार्यालय भवन हेतु शासन से अनुदान | --- | 10.00 | --- | --- |
| (13) | ऋणों की प्राप्ति | | | | |
| (क) | हडको से | --- | 75.00 | --- | 50.00 |
| (ख) | बैंको से | --- | --- | --- | 50.00 |
| (ग) | शासन से (भूमि अध्याप्ति) | --- | 50.00 | --- | 25.00 |
| | पूँजीगत आय के योग :- | 34.16 | 238.50 | 35.99 | 329.50 |

1990-91 का बजट :-

(ख) व्यय

| क्र0 व्यय के शीर्षक | वर्ष 88-89का वास्तविक (लाख रू0में) | वर्ष 89-90 काअनमानित (लाखों रू0में) | 31-3-90तक वास्तविक (लाख रू0में) | वर्ष 1990-91 का प्रस्तावित (लाख रू0में) |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| पूँजीगत व्यय | | | | |
| कार जीप एवं मशीनरी तयंत्र भवन आदि | 0.32 | 1.50 | 0.75 | 2.50 |
| फर्नीचर एवं फिक्सर्स | 0.28 | 0.25 | 0.31 | 0.50 |
| आवासीय योजना हेतु भूमि का क्रय | | | | |
| 1) टिबड़ी हरिद्वार में 5 एकड़ भूमि का क्रय | 5.90 | 7.00 | --- | --- |
| 2) ऋषिकेश नगर पालिका को भूमि का क्रय | 5.00 | 5.00 | 5.00 | 5.00 |
| 3) शिवलोक पेस-2आवासीय योजना- | --- | 8.00 | 5.00 | 3.00 |
| 4) सराय रोड आवासीययोजना | --- | --- | --- | 100.00 |
| 5) भावी आवासीय एवं व्यावसायिक योजना | --- | 10.00 | --- | 10.00 |
| आवासीय योजनाओं परव्यय | | | | |
| 1) शिवलोक आवासीय योजना हरिद्वार | 8.15 | 20.00 | 9.65 | 10.00 |
| 2) ऋषिकेश की ऋषिलोक आवासीय योजना | 19.20 | 35.00 | 21.00 | 35.00 |
| 3) शिवलोक भाग-2 पर व्यय | --- | --- | 0.60 | 90.00 |
| 4) सराय रोड आवासीय योजना | --- | --- | --- | 25.00 |
| 5) योजना व्यय हेतु अग्रिम | --- | --- | 14.73 | 10.00 |
| 6) योजना संबंधी विविध व्यय | --- | --- | 0.34 | 1.00 |
| 5. हरिद्वार में स्टेडियम के निर्माण की योजना | --- | 20.00 | --- | --- |
| 6. प्राधिकरण के अधिकारियों के लिए आवास निर्माण | --- | 10.00 | --- | 10.00 |
| 7. प्राधिकरण कार्यालय का निर्माण(शासन से अनुमोदन प्राप्त होने पर) | --- | 10.00 | --- | --- |
| 8. केन्द्रीय गंगा प्राधिकरण द्वारा पोषित योजनायें | | --- | 0.67 | 4.50 |
| 1) सुलभ शौचालयों का निर्माण | --- | | --- | 10.00 |
| 9. सड़कों का निर्माण/विकास कार्य आदि | --- | 15.00 | 0.23 | 0.25 |
| 10. ऋणों का प्रतिदान | --- | --- | | |
| पूँजीगत व्यय का योगः- | 38.85 | 213.75 | 58.28 | 316.75 |

Scanned by CamScanner

बजट एक दृष्टि में :-

| | वर्ष 1989-90का अनुमानित | 31-3-1990तक वास्तविक | वर्ष 1990-91 का प्रस्तावित |
|---|---|---|---|
| राजस्व आय | 29.35 | 43.46 | 48.30 |
| पूँजीगत आय | 238.50 | 35.99 | 329.50 |
| कुल आय= | 267.85 | 79.45 | 377.80 |
| राजस्व व्यय | 27.83 | 18.39 | 45.38 |
| पूँजीगत व्यय | 213.75 | 58.28 | 316.75 |
| कुल व्यय | 241.58 | 76.67 | 362.13 |
| अन्तिम अवशेष- | 26.27 | 2.78 | 15.67 |

टिप्पणी :-

वर्ष 1990-91 के प्रारम्भ से अब तक किये गये व्यय जिनके स्वीकृति अध्यक्ष महोदय से प्राप्त की गयी थी । वे बजट के उक्त आँकड़ो में ही सम्मिलित हैं ।

Scanned by CamScanner

(259)



से यह निर्णय लिया गया कि प्राधिकरण के गठन के पूर्व के निर्माणों पर सामान्यतः कोई जाँच न की जाए बशर्ते इस बात का विश्वसनीय एंव उचित प्रमाण दिया जाये कि प्रश्नगत निर्माण उस तिथि से पूर्व का ही है और बाद में उसमें कोई फेरबदल नहीं किया गया है । यदि भवन स्वामी भवन कर दे रहा है तो ऐसे निर्माण की वैधता की जाँच करने की आवश्यकता नहीं है । प्राधिकरण का यह निर्णय नए मामलों में ही लागू होने की स्वीकृति प्रदान की गयी ।

मद संख्या :- 6

विषय :- विकास व्यय की दरों के संबंध में विचार ।

विगत बैठक में जन प्रतिनिधियों की अपेक्षा के अनुसार प्राधिकरण के समक्ष यह स्पष्ट किया गया कि शासकीय आदेशों के अनुसार विकास शुल्क लिया जाना अनिवार्य है । प्राधिकरण में क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से कम दरों पर ही विकास शुल्क प्राधिकरण के अनुमोदन के अनुसार लिया जा रहा है । प्राधिकरण के समक्ष यह भी अनुरोध किया गया कि निर्माण कार्यों की दरों में निरन्तर बढ़ोन्तरी तथा विकास कार्यों की माँग को ध्यान में रखते हुए ऋषिकेश, मुनि की रेती एंव स्वर्गाश्रम क्षेत्र में विकास शुल्क की दरें हरिद्वार क्षेत्र के समान ही होनी चाहिए ।

विचारोपरांत यह मत व्यक्त किया गया कि ऋषिकेश क्षेत्र में जल आपूर्ति गढ़वाल जल संस्थान द्वारा की जाती है अतः सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस क्षेत्र में वर्तमान दरों को ही लागू रखा जाए अर्थात प्राधिकरण की बैठक दि0: 30.11.87 की मद सं0- 4 व 5 द्वारा अनुमोदित दरें हरिद्वार विकास क्षेत्र में लागू रहेगीं ।

मद संख्या :- 7

विषय :- चित्रा टाकिज के सामने नगर पालिका द्वारा खोकों के स्थान पर दुकान बनाने के मानचित्र पर विचार ।

प्रश्नगत स्थल पर 126 मीटर के बीच में पक्की दुकानें बनाने का प्रस्ताव नगर पालिका हरिद्वार द्वारा रखा गया । इस संबंध में प्राधिकरण के समक्ष विशेष रूप से यह तथ्य रखे गए कि प्रश्नगत क्षेत्र सार्वजनिक निर्माण विभाग की मुख्य सड़क के किनारे स्थित होने, रेलवे सम्पत्ति से मिला हुआ होने, इस स्थल पर रोड साईड लैण्ड कन्ट्रोल एक्ट

..........5